ध्यान आकर्षण

स्कूल में बनें सायकल स्टैंड में भारी भष्टाचार का आरोप लगाकर की जांच की मांग

वर्षों पुरानी मांग महाविद्यालय शुरू नहीं होने से आहत विधायक नीलेश उइके ने सरकार को घेरा

नवभारत न्यूज

पांढुरना,21जुलाई, अपने विधान सभा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण के लिए सत्त प्रयासरत क्षेत्रीय विधायक नीलेश उइके ने मंगलवार को विधान सभा में मानसून सत्र के दौरान फिर एक बार अपने पांढुरना विधान सभा क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों की उच्च पढ़ाई के लिए ग्राम पाठई में शासकीय महाविद्यालय शुरू कराने,अमरावती मार्ग के वर्धा नदी तक सडक़ बनाने की स्वीकृती दिलाने की और सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के साथ ही स्कूलों में छात्रों के लिए बनाऐं गए सायकल स्टैंड में भारी भष्टाचार होने के आरोप लगाते हुए इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाहीं करने की मांग भी कि है।

विधायक की साफ-सुथरी छवि,मृदभाषी स्वभाव के सभी कायल: बीते दस वर्षों से पांढुरना विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले क्षेत्रीय विधायक नीलेश उइके अपने मिलनसार व्यक्तित्व तथा अपनी साफ-सुथरी छवि एवं अपने मृदभाषी स्वभाव के चलते पूरे क्षेत्रवासियों के साथ ही अपने तथा विपक्षी दल के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं भी इनके इन गुणों के कायल है। यह अपने आदिवासी बाहुल्य विधानसभा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं की और समय-समय पर शासन -प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसके निराकरण के लिए सत्त प्रयासरत रहते है।

फिर विधान सभा में गरजे विधायक

ज्ञातव्य हो कि अन्य समस्याओं की तरह ही वे बीते कई वर्षों से अपने इस आदिवासी बाहुल्य विधान सभा क्षेत्र के दूर अंचल के ग्रामों के छात्रों की उच्च शिक्षा के लिए क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य ग्राम मुख्यालय पाठई में शासकीय महाविद्यालय शुरू कराने के लिए पूर्व में कई बार सरकार से गुहार लगा चूके है,लेकिन सरकार द्वारा इस मांग को आज तक स्वीकृत नहीं करने पर यह बहुत अधिक दुखी है,उन्होंने सरकार से आदिवासी बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए वर्षों पुरानी इनकी इस मांग को स्मरण कराते हुए मंगलवार को फिर विधान सभा के इस मानसून सत्र में पूरे जोर शोर के साथ उठाई है।

महाराष्ट्र को जोडऩे वाली जर्जर हुई सड़क को बनाने की मांग

प्रदेश मुख्यालय भोपाल के विधान सभा में जारी मानसून सत्र के दौरान मंगलवार को विधायक नीलेश उइके द्वारा फिर इस मांग को उठाते हुए ग्राम पाठई में शासकीय महाविद्यालय शुरू कराने तथा नगर से महाराष्ट्र के अमरावती को जोडऩे वाला प्रमुख मार्ग नगर के तीन शेर चौक से लेकर वर्धा नदी तक बहुत अधिक खराब होने पर आए दिन इस मार्ग पर दुर्घटनाए घटित होने की और सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस मुख्य सडक़ का चौडीकरण के साथ ही निर्माण कार्य की स्वीकृती दिलाने की मांग की है।

स्कूलों में बने साइकिल स्टैंड में लाखों का भष्ट्राचार

इसके साथ ही श्री उइके द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि इनके पांढुरना विधान सभा क्षेत्र के पांढुरना सहित मोहखेड़ ब्लांक की शासकीय हायस्कूल तथा हायर सेंकेंडरी स्कूलों में छात्रों के सायकल रखने हेतू बनाए गए साईकिल स्टैंड अत्यंत निम्न क्वालिटी के बनाए गए है,इन्होंने इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाहीं की भी मांग की है।

नागद्वारी यात्रा की तैयारियों को लेकर आंबागिरी सेवा समिति की बैठक सम्पन्न

नवभारत न्यूज़

सौंसर 21 जुलाई. पवित्र श्रावण मास में आयोजित होनेवाली ऐतिहासिक नागद्वारी यात्रा एवं 17 अगस्त को पचमढी स्थित आंबागिरी में आयोजित विशाल भंडारे की तैयारियों को लेकर श्री नागद्ववारी आंबागिरी सेवा समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में यात्रा को सुव्यवस्थित, भव्य एवं श्रद्धालुओं के लिये सुविधाजनक बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

विभिन्न व्यवस्थाओं के लिये समिति सदस्यासें को जिम्मेदारियां सौपी गई। जानकारी देते हुये समिति के पवन सरोदे ने बताया कि, 12 अगस्त से 17 अगस्त तक चलनेवाले इस धार्मिक आयोजन में महादेव यात्रा पर आनेवाले हजारों शिवभक्तों के लिये भोजन, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य आवष्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जायेगी। समिति ने आयोजन को सफल बनाने में पूर्ण समर्पण एंव सेवाभाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर शंकर खडसे, नरेन्द्र बोडखे, जीतू कोठेकर, प्रशांत बोबडे, अमोल मुंगोले, गोलू वाडेकर, संजय रेवस्कर, पवन बोडखे, अर्जुन श्रीखंडे, कुशल वानखेडे, गजनी घोडमारे, दिनेश चावके, अनमोल आकोटकर, अमर मानकर, आशीश भांगे, बाल्या श्रीखंडे, विनय गाडगे, शुभम बोडखे, साहिल भकने, अक्षय बोबडे, केवल बोबडे, लोकेश बोबडे एवं नानेश्वर बोबडे आदि उपस्थित थे। विदित हो कि, आंबागिरी सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष पचमढी के आमागिरी में भंडारे का आयोजन किया जाता है।

वाडेगांव प्राथमिक शाला परिसर में किया गया पौधारोपण

पांढुर्णा, 21 जुलाई, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ एवं जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में स्वैच्छिकता पर्व कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड समन्वयक दिलीप आठनेरे के नेतृत्व में नवांकुर संस्था अवध विद्यापीठ शिक्षण समिति, पांढुर्णा द्वारा ग्राम वाडेगांव की प्राथमिक शाला परिसर में एक पेड़ माँ के नामअभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधान पाठक शंकर मोहबे ने विद्यार्थियों को पौधारोपण के महत्व से अवगत कराते हुए लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर शाला शिक्षिका श्रीमती पुष्पा लिल्होरे, श्रीमती वंदना मन्होटे, जन अभियान परिषद के परामर्शदाता राजू वरूडकर तथा नवांकुर संस्था के अध्यक्ष राजेश कुमार मानकर सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

पीएम आवास योजना के हितग्राहियों के बैंक खाते में नपा अध्यक्ष श्री घाटोड़े के निर्देश पर जमा कराई राशि

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,21 जुलाई, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर के विभिन्न वार्डों में प्रथम डीपीआर की दूसरी किस्त के रूप में सात तथा दूसरी डीपीआर के दूसरी किस्त के रूप में छैन्हितग्राही के बैंक खाते में नपा अध्यक्ष के निर्देश पर एक -एक लाख रुपये की राशि जमा कराई गई ।

गौरतलब हो कि जरूरतमंद लोगों को अपने स्वयं का पक्का घर बनाने के लिए सरकार की अति महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि दी जाती है,इसी योजना के तहत नगर के विभिन्न वार्डों में स्वीकृत पात्र हितग्राहियों के बैंक खाते में प्रथम एवं द्वितीय डीपीआर की एक-एक लाख रूपयों की राशि मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े के निर्देश पर जमा कराई गई,यह राशि बैंक खाते में जमा होने के इन हितग्राहियों के मोबाइल पर संदेश मिलते ही यह हितग्राही तथा इनके परिजन बहुत अधिक खुश दिखाई दिए तथा अब यह राशि मिलने के बाद मकान का रूका हुआ निर्माण कार्य और भी अधिक तेज गति से शुरू कराने की बात कह रहे थे ।

नगर पालिका के आवास विभाग के अधिकारियों की माने तो प्रथम डीपीआर की दूसरी किस्त के रूप में नगर के विभिन्न वार्डों के सात हितग्राही जिसमें महावीर वार्ड के मेहतु डेहरिया,गुरूदेव वार्ड के तुकाराम घोड़े,रानी दुर्गावती वार्ड की रंजना खुरसंगे,आंबेडक़र वार्ड की रूखमा जुरजुसे,टेकडी वार्ड के वर्षा बालपांड़े,संतोषी माता वार्ड के विमलबाई देशमुख,संतोषी माता वार्ड के विलास चिकने का समावेश है।

इसी प्रकार द्वितीय डीपीआर की दूसरी किस्त के रूप में खारी वार्ड के ममता तायवाड़े,घनपेठ वार्ड प्रेरणा डोबले,महावीर वार्ड के देविदास बालपांड़े,संतोषी माता वार्ड के निर्मला तुरूडक़र,सुभाष वार्ड के नरेन्द्र राऊत का समावेश है।

भंसाली विद्या मंदिर में विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

नवभारत न्यूज़

सौंसर 20 जुलाई. भंसाली विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल, सतनूर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि दिलीप कुमार शेंद्रे, कार्यकारी निदेशक, भंसाली इंजीनियरिंग पॉलिमर्स लिमिटेड ,विशिष्ट अतिथि राजेंद्र मारबते सचिव, भंसाली एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री शेंद्रे ने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई एवं बैज पहनाकर सम्मानित किया।

सभी ने विद्यालय के आदर्शों, अनुशासन एवं मूल्यों का पालन करते हुए ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली। प्राचार्य ज़हीर अहमद पटेल के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी धम्मपाल वानखेड़े, श्रीमती अनामिका बडवाइक, श्रीमती संध्या शेंद्रे, सबील अहमद खान, श्रीमती मनीषा निखाड़े, सुनील यादव एवं श्रीमती सुजाता गुरव के सहयोग से समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

30 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जब्त, 3 प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज़

सौंसर 21 जुलाई. कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी वृत्त सौंसर की टीम ने ग्राम सांवगा, गोडीवडोना एवं जामलापानी में दबिश देकर रिहायशी मकानों से 30 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जब्त की ।कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के अंतर्गत कुल 03 ज्ञात प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। उक्त कार्रवाई में वृत्त प्रभारी कु. भारती गौंड के नेतृत्व में आबकारी आरक्षक जितेंद्र धुर्वे, भावना हेड़ाऊ एवं उत्कर्ष ठाकरे की सक्रिय सहभागिता रही।

छात्रों ने लोगों को नशे से दूर रहने चलाया जागरूकता अभियान

चित्रकला, पोस्टर, स्लोगन तथा रंगोली निकालकर दिया सन्देश

नव भारत न्यूज

पांढुरना,21 जुलाई, नगर के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में छात्रों ने कीसी भी नशे का सेवन नहीं कर लोगों को इसके प्रति जागरूक करने रंगोली, चित्रकला, पोस्टर, स्लोगन, आदि बनकर सन्देश दिया ।

महाविद्यालय के छात्रों ने नशा मुक्ति के प्रति व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्या डॉ शहनाज खान के मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं में नशे से दूरी बनाए रखने के लिए जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा निबंध, चित्रकल, पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन, तथा रंगोली के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया गया तथा सभी को नशे जैसे बुरी आदत से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक संचालित है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ शहनाज खान द्वारा छात्र छात्रों को संबोधित करते हुए कहा गया कि इस प्रदेश व्यापी अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं, छात्रों तथा आम जनता को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराना तथा नशे जैसी बुरी आदत से दूर रहते हुए, स्वास्थ्य एवं सुरक्षित जीवन यापन करना तथा सशक्त समाज का निर्माण करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय से डॉ हर्षलता सोनटक्के, आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ ललिता धुर्वे, प्रो रामपाल कुमारे, रा से यों कार्यक्रम अधिकारी प्रो गणेश कुमार तुमडाम, श्रीमती कीर्ति सलामे, एन टी एफ प्रभारी डॉ एल एल राऊत, प्रो पंजाब सिंग, प्रो शीतल गुजरे, प्रो रविंद्र बंसोड़, प्रो पवन कुमार कोडापे,डॉ किशोर पराड़कर, डॉ दीपचंद भावरकर, डॉ प्रजेंद्र रघुवंशी, श्री भोजराज कराले, कुमारी पूजाश्री बावनकर, कुमारी आंचल चटप, श्री मनोज खुरसंगे, छात्र-छात्राओं मे चेतना बालपांडे, रेशमा बोरिवार, नंदिनी गोरे, साक्षी भादे आदि मौजूद दरहे।

गंज सब्जी मंडी कॉम्प्लेबस में कैटेगिरी के अनुसार बनेंगे अलग-अलग जोन

बैतूल, शहर के गंज क्षेत्र स्थित सब्जी मंडी में बन रहे बहुमंजिला कॉम्प्लेक्स में अलग-अलग तरह की सामग्री की दुकानें होंगी। यहां बर्तन, कपड़ा, खाद्य सामग्री और अन्य वस्तुओं के अनुसार ही दुकानों का आवंटन किया जायेगा।

फिलहाल फोकस इस बात पर किया जा रहा है कि जल्द से जल्द दुकानों का निर्माण पूर्ण कराया जाये।

नाम परिवर्तन कि सुचना

समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय पांढुरना

शपथपत्र

मै नामदेव पिता अजाबराव टोपले, उम्र अंदा. 50 वर्ष जाति पवार निवासी ग्राम हिवरा सेनाडवार, तहसील व जिला पांढुरना म.प्र. शपथ पुर्वक कथन करता हूँ कि: -

01. यह कि मै उपरोक्त पते का निवासी हूँ। मेरी पत्नि का नाम उषा पति नामदेव टोपले है जिनसे मेरा विवाह दिनांक 07/04/2003 को हुआ था मुझे विवाह से तीन बच्चे है जिसमे बड़ी लड़की रानी पिता नामदेव टोपले, हरिओम पिता नामदेव टोपले, एवं सुमित पिता नामदेव टोपले यह है। सुमित कि वर्तमान उम्र अंदा. 17 वर्ष 6 माह है।

02. यह कि मेरे पुत्र सुमित पिता नामदेव टोपले का जन्म दिनांक 05/01/2009 को सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र पांढुरना मे हुआ था। सुमित के जन्म प्रमाण पत्र मे पिता का नाम नार्मदेव टोपले एवं माता का नाम उषा पति नामदेव टोपले दर्ज है।

03. यह कि मेरी पत्नि उषाबाई नामदेव टोपले कि बडी बहन बडी बहन वंदना पति भिमराव ठवरे निवासी सिवनी, तह. व जिला पांढुरना को कोई औलाद / वारसान ना होने से मैने व मेरी पत्नि ने अपने पुत्र सुमित टोपले को पालन-पोषण एवं देख-रेख हेतु 3 वर्ष कि आयु मे वंदना ठवरे को दे दिया था जो बचपन से मेरा पुत्र सुमित यह वंदना पति भिमराव ठवरे के साथ निवास करता रहा है। मेरे पुत्र सुमित के सभी शासकीय दस्तावेज मे माता का नाम वंदना पति भिमराव ठवरे एवं पिता का नाम भिमराव ठवरे दर्ज हो गया है जो मात्र पालनकर्ता रहे है।

04. यह कि मेरे पुत्र सुमित का वास्तविक पिता मै नामदेव टोपले एवं माता उषाबाई दोपले है जिस कारण मैं अपने पुत्र सुमित के सभी शासकीय दस्तावेजो मे पिता का नाभा सुमित पिता नामदेव टोपले एवं माता का नाम उषाबाई टोपले दर्ज कराना चाहता हूँ।

वास्ते यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

दिनांक 21/07/2026/पांढुरना

शपथकर्ता
नामदेव टोपले

सत्यापन

मै नामदेव पिता अजाबराव टोपले, उम्र अंदा. 50 वर्ष जाति पवार निवासी ग्राम हिवरा सेनाडवार, तहसील व जिला पांढुरना म.प्र. शपथ पुर्वक कथन करता हूँ कि म.प्र. सत्यापन करता हूँ कि इस शपथपत्र कि सम्पूर्ण जानकारी मेरे ज्ञान व विवेक के आधार पर सही व सत्य है तथा मैने आज दिनांक 21/07/2026 को स्थान पांढुरना मे हस्ताक्षर कर सत्यापन किया।

सत्यापनकर्ता
नामदेव टोपले

बस-कार में हुई भिड़त,पांच घायल,नागपुर रेफर

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,21जुलाई, ग्राम राजना के पास नागपुर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्री बस तथा कार में हुई जोरदार भिड़ंत में कार में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए,जिन्हें नागपुर रेफर किया गया है,सूचना मिलते ही आनन-फानन में घटनास्थल पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने बांधित यातायात को पूर्ववत्प्रारंभ कराया। नगरीय सीमा से लगे ग्राम राजना के पास नागपुर भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को 12:37 बजे जोधपुर से नागपुर की और जा रहीं यात्री बस क्रंमाक बी.आर.01 पी.एस.0919 तथा विपरीत दिशा से आ रहीं स्वीफ्ट कार क्रंमाक सी.जी.12 बी.डब्लू 0987 में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें कार के सामने के हिस्से के परखच्चें उड़ गए,वहीं इसमें सवार सभी पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए,जिन्हें निजी वाहन से नागपुर चिकित्सालय ले जाया गया है,वहीं यात्री बस के सामने का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है,हांला कि बस में सवार किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई,घटना की सूचना मिलते ही बड चिचोली पुलिस चौकी प्रभारी ओमप्रकाश मालवीय आनन -फानन में दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और उन्होंने जन सहयोग से सडक़ के बीचो-बीच फंसे दोनों ही दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सडक़ से हटाकर यातायात पूर्ववत प्रांरभ कराया ।

गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय में विविध गतिविधियों का आयोजन

शैक्षिक भ्रमण पर आए 100 विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन

नवभारत न्यूज़

सौसर 21 जुलाई. शासकीय आदेशानुसार गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय, सौसर में प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विद्यालय की प्रार्थना सभा में श्लोक एवं गुरु वंदना की वाद्य यंत्रों के साथ संगीतमय प्रस्तुति दी गई। गुरु के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों ने भक्तिमय माहौल में प्रस्तुति दी ।पखवाड़े के अंतर्गत आज शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल घोटी, बैरागढ़ एवं मेहंदी के लगभग 100 विद्यार्थियों ने सांदीपनि विद्यालय का शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय की गतिविधियों, विद्यालय के परिवेश एवं प्रांगण से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा एवं माध्यमिक विद्यालय की प्रधान पाठिका श्रीमती वैशाली कोरडे ने भ्रमण पर आए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया और उन्हें सांदीपनि विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया।

जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति भलावे द्वारा लोगों की समस्याओं को सुनकर,दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

नव भारत न्यूज

पांढुरना,21 जुलाई, जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान उपस्थित सभी लोगों के बातों को अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति भलावे ने सुनते हुए प्राप्त हुए आवेदनों को विभाग प्रमुख अधिकारी को इसका त्वरित सन्तोषप्रद निराकरण करने के निर्देश दिए । जनसुनवाई में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए।

अपर कलेक्टर ने सभी आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में ग्राम सिवनी के ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की नियमित उपस्थिति एवं आवश्यक स्वास्थ्य कर्मियों की पदस्थापना की मांग की। मोहगांव स्थित श्री क्षेत्र अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग संस्थान एवं अन्य नागरिकों ने गोवंश तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने तथा मोहगांव बेल बाजार बंद कराने का आवेदन प्रस्तुत किया। विश्व हिंदू परिषद सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने भी गो तस्करी पर सख्त कार्रवाई की मांग की। जनसुनवाई में मोहगांव नगर परिषद की जल प्रदाय योजना में कथित अनियमितताओं की जांच, मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि के लंबित प्रकरण, मोहगांव जलाशय से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा, राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज कराने, फौती नामांतरण, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण तथा अवैध कब्जे से जुड़े मामलों पर भी आवेदन प्राप्त हुए।

इसके अलावा ग्राम नरसला के ग्रामीणों ने पेयजल व्यवस्था एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही सूची की जांच की मांग की। ग्राम इरवा के ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी भवन सहित अधूरे निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का आवेदन दिया। वहीं ग्राम अंबाडा के व्यापारी ने साप्ताहिक बाजार में दुकान की जगह से अतिक्रमण हटाकर न्याय दिलाने की मांग रखी। वहीं कई आवेदनों में कृषि भूमि के रास्ते, भूमि वापस दिलाने, अवैध कब्जा हटाने, अनुकंपा नियुक्ति, वेतनमान, लिंगल गार्जियन प्रमाण-पत्र, फसल नुकसान पर मुआवजा तथा पंचायतों में विकास कार्यों से सम्बंधित आवेदन प्राप्त हुए थे । इन सभी आवेदनों को अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति भलावे को संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में नशा मुक्ति कार्यक्रम 2.0 आयोजित

विद्यार्थियों को दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ

नवभारत न्यूज़

सौसर 21 जुलाई.शासकीय महाविद्यालय सौसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में एवं प्राचार्य एवं संरक्षक इंद्रपाल राउत के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति कार्यक्रम 2.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को नशा मुक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहने की शपथ भी दिलाई गई ।राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी विजय मंडराह ने नशे के विभिन्न प्रकारों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने के उपाय सुझाए।

उन्होंने कहा नशा करना है तो किताबों का करो, नशा करना है तो राष्ट्र की उन्नति का करो।

प्राचार्य एवं संरक्षक इंद्रपाल राऊत ने नशे के दुष्परिणाम बताते हुए उनसे बचने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में नशे से दूर रहकर शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में इतिहास विभाग के डॉ. एन. के. गेडाम, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती शिखा साहू, स्वयंसेवक सूरज, अनोज, शुभम, हर्ष एवं अन्य स्वयंसेवक तथा समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति सराहनीय रही।